09.01.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम
प्रादेशिक समाचार

○ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–वैश्विक विकास और भारत की प्रगति यात्रा में प्रवासी भारतीयों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

○ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोधपुर में पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव का उद्घाटन किया।

○ महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से कल से उदयपुर में चिंतन शिविर–महिलाओं और बच्चों के कल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी।

○ राज्य में कल से मौसम में बदलाव के आसार–तीन दिन तक कई स्थानों पर बारिश और कहीं–कहीं ओले गिरने की संभावना।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वैश्विक विकास और भारत की विकास यात्रा में प्रवासी भारतीयों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में प्रवासी भारतीयों अहम रोल है। श्री मोदी आज भुबनेश्वर में प्रवासी भारतीय दिवस की औपचारिक उद्घाटन सभा में बोल रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है और जल्द ही प्रवासी भारतीय एयरक्राफ्ट बनाने में 'मेड इन इंडिया' कार्यक्रम में योगदान करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का जोर युवाओं के कौशल विकास और उनकी क्षमता का बेहतर उपयोग करने पर है।

............

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल सम्मेलन के समापन समारोह में हिस्सा लेंगी।

000

गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से जेलों और सुधार संस्थानों में क्षय–रोग उन्मूलन का 100 दिन का अभियान शुरू करने का आग्रह किया है। मंत्रालय ने इस बारे में पत्र लिखा है। इस अभियान के जरिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जांच शिविर आयोजित करने और टीबी रोग के बारे में जागरुकता सामग्री प्रदर्शित करने को कहा है। इधर, बारां में सौ दिवसीय टीबी मुक्त अभियान के तहत आज बामला गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर शिविर का आयोजन किया गया। इसमें संभावित रोगियों की स्क्रीनिंग की गई।

000

जोधपुर में आज से पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव की शुरूआत हुई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि इस उत्सव के माध्यम से शिल्पकारों और कामगारों को अपनी कला का प्रदर्शन करने और उद्योग बढ़ाने के समुचित अवसर मिलेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि 19 जनवरी तक चलने वाले इस उत्सव के दौरान कई कार्यक्रम होंगे।

............

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का कल बाड़मेर दौरे का कार्यक्रम है। इस दौरान श्री शर्मा नागाणा स्थित मंगला प्रोसेसिंग टर्मिनल का जायज़ा लेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों के मद्देनजर आज जिला कलेक्टर टीना डाबी और जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह मीणा ने मंगला प्रोसेसिंग टर्मिनल का निरीक्षण किया।

000

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा है कि सभी अधिकारी आपणो अग्रणी राजस्थान के संकल्प को साकार करने का प्रयास करें। श्री पंत आज जोधुपर के मारवाड़ सेंटर में संभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को राज्य सरकार की मंशा के अनुसार अपनी जिम्मेदारियों को निष्ठा के साथ पूरा करें। मुख्य सचिव ने कहा कि आम आदमी की समस्याओं को दूर कर उन्हें राहत पहुंचाना हर कार्मिक का प्राथमिक दायित्व है। बैठक में राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन और पब्लिक सर्विस डिलीवरी की समीक्षा की गई।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े की ओर से आज अजमेर में ख्वाजा साहब की दरगाह पर चादर पेश की गई। इस अवसर पर राज्यपाल का संदेश भी सुनाया गया। अपने संदेश में श्री बागड़े ने सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के अमन और मोहब्बत के पैगाम को जन–जन तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि ख्वाजा साहब का उर्स विविधता में एकता की भारतीय संस्कृति का प्रतीक है।

000

केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी कल उदयपुर में चिंतन शिविर का उद्घाटन करेंगी। तीन दिन चलने वाले इस शिविर में राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों के साथ महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास और कल्याण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, राज्यों की ओर से नवाचारों पर भी विचार विमर्श होगा। कार्यक्रम में केंद्रीय महिला और बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी तथा महिला और बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार, विभिन्न राज्यों के महिला और बाल विकास मंत्री, सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों सहित डेढ़ सौ प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

000

जैसलमेर में बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ के तहत आज मरू उड़ान कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिला प्रशासन और महिला अधिकारिता विभाग की ओर से हुए इस कार्यक्रम में महिलाओं के साथ संवाद कार्यशाला रखी गई। इस दौरान जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने योजना के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिये। मरू उड़ान योजना का उद्देश्य प्रदेश की महिलाओं को स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वरोजगार के क्षेत्र में सशक्त बनाना है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इसके माध्यम से मानसिक और स्वास्थ्य, आत्मरक्षा, साइबर अपराधों के खिलाफ जागरुकता और ड्राइविंग कोर्स पर भी प्रशिक्षण सत्र होंगे।

..............

सवाईमाधोपुर जिला मुख्यालय पर भी आज से राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम शुरू हुआ। इसमें चिकित्सकों की ओर से महिलाओं को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी गई।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' इस बार 19 जनवरी को होगा। आकाशवाणी से ये कार्यक्रम दस वर्ष से भी अधिक समय से प्रसारित हो रहा है। इस महीने इसकी 118वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता, 17 जनवरी तक तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर अपने सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी ऑनलाइन सुझाव दिये जा सकते हैं।

000

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के आठवें संस्करण के लिए देश–विदेश से दो करोड़ 70 लाख से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने पंजीकरण करवाया है। इस कार्यक्रम के लिए माई जीओवी डॉट इन पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण 14 दिसम्बर से शुरू हुआ, जो 14 जनवरी तक जारी रहेगा। शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि कार्यक्रम मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत और परीक्षाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए छात्रों के बीच लोकप्रिय है। इधर, प्रदेशभर में भी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए 35 लाख पंजीकरण सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है।

000

राज्य के मौसम में कल से बदलाव के आसार हैं। नया पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से अगले तीन दिनों तक कई स्थानों पर बारिश, घना कोहरा और कहीं–कहीं ओलावृष्टि हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार कल जोधपुर, बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं गरज के साथ हल्की बरसात की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 11 जनवरी को बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में मध्यम बारिश के आसार हैं। इस दौरान कहीं–कहीं ओले भी गिर सकते हैं।

..............

प्रदेश में आज कई स्थानों पर शीतलहर का असर रहा। सीकर के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं चूरू, दौसा, करौली, बारां, सीकर और सिरोही में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। इसके अलावा राज्य के लगभग सभी शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा।

000

मकर संक्रांति का पर्व जीवन में नई उमंग और ऊर्जा का संचार करता है। ये पर्व हर साल 14 जनवरी को मनाया जाता है। प्रदेश में इस पर्व के उपलक्ष में पतंगबाज़ी का पुराना चलन है।

000